झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर (साईंस एण्ड टेक्नोलॉजी कैम्पस),
सिरखा टोली, नामकुम, राँची – 834010 (झारखण्ड)

पत्रांक – JUT-1274/2023/1705 /राँची, दिनांक–08/12/2023

प्रेषक,

सहायक कुलसचिव,
झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
नामकुम, राँची।

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य/प्रभारी प्रचार्य,
सभी राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान/सभी राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थान,
पी०पी०पी० मोड पर संचालित सभी पोलिटेकनिक संस्थान,
संबंद्धता प्राप्त सभी गैर–राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान।

विषयः– **शैक्षणिक वर्ष 2023–24 में डिप्लोमा अभियंत्रण/गैर–अभियंत्रण पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं में नियमित सेमेस्टर/वार्षिक तथा पार्श्विक प्रवेश योजना के अन्तर्गत नामांकित विद्यार्थियों द्वारा भरे जाने वाले ऑन–लाईन निबंधन आवेदन पत्रों को अनुमोदित/अस्वीकृत किये जाने के संबंध में।**

प्रसंगः– **इस कार्यालय का पत्रांक– JUT-1274/2023/1639 दिनांक – 09/11/2023**

महाशय/महाशया,

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्र के आलोक में शैक्षणिक वर्ष– 2023–24 में डिप्लोमा अभियंत्रण/गैर–अभियंत्रण पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं में नियमित सेमेस्टर/वार्षिक तथा पार्श्विक प्रवेश योजना के अन्तर्गत क्रमशः प्रथम सेमेस्टर/वर्ष तथा तृतीय सेमेस्टर/द्वितीय वर्ष में नामांकित विद्यार्थियों द्वारा ऑन–लाईन निबंधन आवेदन पत्र निर्धारित अवधि तक विलम्ब शुल्क रहित तथा विलम्ब शुल्क सहित भरे गये हैं।

संबंधित संस्थानों में नामांकित कुछेक विद्यार्थियों द्वारा कतिपय कारणवश (ग्रामीण क्षेत्रों में Network Problem, साधन का अभाव एवं शारीरिक अस्वस्थता होने के फलस्वरूप) निर्धारित समयावधि तक ऑन–लाईन निबंधन आवेदन पत्र नहीं भर पाने के कारण, ऑन–लाईन निबंधन आवेदन पत्र जमा करने के लिए "Gyanjyoti" Link को पुनः खोलने संबंधी अनुरोध के आलोक में विश्वविद्यालय द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विद्यार्थियों द्वारा ऑन–लाईन निबंधन प्रमाण पत्र (विलम्ब शुल्क सहित) जमा करने की तिथि को पुनः दिनांक – **09.12.2023 से दिनांक – 12.12.2023** तक तथा संस्थान द्वारा उसे "Approve/Disapprove" करने की तिथि को दिनांक – **15.12.2023** तक विस्तारित की जाती है। साथ ही संबंधित विद्यार्थियों की विवरणी पूर्व के निर्धारित दिशा–निर्देश के आलोक में तैयार कर Hard Copy दिनांक – **16.12.2023** तक विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना चाहेंगे।

शेष अन्य नियम एवं शर्तें प्रासंगिक पत्रों के ही अनुरूप रहेंगी।

नोट – उक्त निर्धारित तिथि को जिन विद्यार्थियों द्वारा निबंधन आवेदन पत्र भरा जायेगा, केवल उसे ही संस्थान द्वारा Approved/Disapproved किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन,
[signature] 8/12/23
सहायक कुलसचिव,
झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
राँची।

09.12.2023

पत्रांक Reg-494, दिनांक 09-12-23
प्रतिलिपि: ① [illegible]
② सत्र 2023-24 के नामांकित [illegible] online निबंधन [illegible] 12.12.2023 [illegible]

[signatures] 09.12.23